अनुक्रमांक ......................................
नाम ..............................................

समय : 1.00 घण्टा
पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2022
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** कोशिका भित्ति पायी जाती है- **(1)**

(A) पादप कोशिका में
(B) जन्तु कोशिका में
(C) पादप तथा जन्तु कोशिका दोनों में
(D) इनमें से कोई नहीं

**2.** यौगिक का उदाहरण है- **(1)**

(A) वायु
(B) धुआँ
(C) चीनी
(D) चीनी का विलयन

**3.** कायिक प्रवर्धन सम्भव है- **(1)**

(A) जड़ द्वारा
(B) तना द्वारा
(C) पत्ती द्वारा
(D) इन सभी के द्वारा

**4.** बल का मात्रक है- **(1)**

(A) न्यूटन
(B) सेकण्ड
(C) किलोग्राम
(D) इनमें से कोई नहीं

**5.** निम्नलिखित में संयुक्त पत्ती छाँटिए- **(1)**

(A) आम की पत्ती
(B) अमरूद की पत्ती
(C) नींबू की पत्ती
(D) इनमें से कोई नहीं

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** पौधों की पत्तियों में होने वाली प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया का समीकरण लिखिए। **(1)**

**7.** 4 सेमी त्रिज्या के वृत्तीय पथ पर एक कण आधा चक्कर लगाता है, तो इस दशा में कण द्वारा तय की गई दूरी तथा विस्थापन ज्ञात कीजिए। **(1)**

**8.** पुष्प के मुख्य चार भागों के नाम लिखिए। **(1)**

**9.** पत्ती के प्रमुख भागों का नाम लिखिए। **(1)**

**10.** 1 माइक्रोमीटर में कितने पीकोमीटर होते हैं? **(1)**

**11.** बेलन की लम्बाई तथा वृत्त के व्यास मापन के लिए किस यन्त्र का उपयोग किया जाता है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** पदार्थों के पृथक्करण से आप क्या समझते हैं? पृथक्करण की किन्हीं चार प्रमुख विधियों का नाम लिखिए। **(2)**

**13.** भोजन एकत्रीकरण हेतु मूसला जड़ों में होने वाले रूपान्तरण के प्रकारों को उदाहरण से बताइए। **(2)**

**14.** कायिक प्रवर्धन से आप क्या समझते हैं? पत्ती द्वारा कायिक प्रवर्धन को उदाहरण से समझाइए। **(2)**

**15.** किसी वस्तु का रेखीय संवेग कब संरक्षित रहता है? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**16.** तत्व तथा यौगिक में अन्तर लिखिए। **(2)**

**17.** दोलन तथा कम्पन गति में उदाहरण सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**18.** बीजाण्ड की आन्तरिक संरचना का नामांकित चित्र बनाइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/vigyan/2022

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN